भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2771

17 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

सैनिक विद्‌यालय

2771. श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोर :
श्रीमती नवनित रवि राणा:
श्रीमती रेखा अरुण वर्मा :
श्री भोलानाथ 'बी.पी.सरोज':
श्रीमती हिमाद्री सिंह :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कार्यरत सैनिक विद्‌यालयों की उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का गैर-सरकारी संगठनों और निजी संस्थानों के साथ साझेदारी के माध्यम से देश में नए सैनिक विद्‌यालय खोलने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो गुजरात में दाहोद, उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी या सीतापुर, शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और अमरावती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में विभिन्न राज्यों और गैर-सरकारी संस्थानों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो कुल प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और स्वीकृत और अस्वीकृत प्रस्तावों की संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सैनिक विद्‌यालय सोसायटी ने उक्त प्रयोजनार्थ अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यारा है ?

उत्तर

रक्षामंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्‌ट)

(क) से (ग): पूर्ववर्ती पैटर्न के अंतर्गत स्थापित किए गए 33 सैनिक स्कूलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार सूची अनुबंध क पर दी गई है । इसके अलावा, सरकार ने अर्हक शर्तों को पूरा करने और सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन

(एमओए) पर हस्ताक्षर करने के अधीन सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों की भागीदारी में पूरे देश में नए सैनिक स्कूल खोलने के लिए एक पहल को अनुमोदन प्रदान किया है । इसके लिए आज की तारीख तक सैनिक स्कूल सोसाइटी/रक्षा मंत्रालय ने नियत मूल्यांकन प्रक्रिया और अनुमोदन के उपरांत 18 स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं । इन 18 नए सैनिक स्कूलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार ब्यौराअनुबंध ख पर दिया गया है । जहां तक उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी, सीतापुर और मध्य प्रदेश में शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संबंध है, वहां स्थित एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है । तथापि, गुजरात में दाहोद और अमरावती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो आवेदन प्राप्त हुए हैं जो इस प्रयोजनार्थ निर्मित अर्हक शर्तों को पूरा करने और अनुमोदित उप-नियमों पर सहमत होने तथा स्कूल के साथ सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के अधीन हैं ।

(घ) और (ङ): नए सैनिक स्कूल खोलने के लिए पहले दौर में कुल 379 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से रक्षा मंत्रालय के नियत मूल्यांकन प्रक्रिया और अनुमोदन के बाद 18 स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं । दूसरे दौर में सैनिक स्कूल सोसाइटी को 261 (पहले दौर से) और 88 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं जो इस प्रयोजनार्थ निर्मित अर्हक शर्तों को पूरा करने, अनुमोदित उप-नियमों के अनुपालन और सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के अधीन हैं ।

****

'सैनिक स्कूलों' के बारे में लोक सभा में दिनांक 17 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 2771 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध- क

<u>पूर्ववर्ती पैटर्न के अंतर्गत स्थापित 33 चालू सैनिक स्कूलों का ब्यौरा</u>

क्र.सं.	राज्य	जिला	सैनिक स्कूलों की संख्या
1	आन्ध्र प्रदेश	अन्नामय्या	1
		विजियानगरम	1
2	अरुणाचल प्रदेश	पूर्वी सियांग	1
3	असम	गोलपारा	1
4	बिहार	गोपालगंज	1
		नालंदा	1
5	छत्तीसगढ़	सरगुजा	1
6	गुजरात	जामनगर	1
7	हरियाणा	करनाल	1
		रेवाड़ी	1
8	हिमाचल प्रदेश	हमीरपुर	1
9	जम्मू	जम्मू	1
10	झारखंड	कोडरमा	1
11	कर्नाटक	बीजापुर	1
		कोडागु	1
12	केरल	तिरुवनंतपुरम	1
13	मध्य प्रदेश	रीवा	1
14	महाराष्ट्र	सतारा	1
		चंद्रपुर	1
15	मणिपुर	इम्फाल पूर्व	1
16	मिजोरम	सेरचिप	1
17	नागालैंड	पेरन	1
18	ओडिशा	खोरधा	1
		संबलपुर	1
19	पंजाब	कपुरथला	1
20	राजस्थान	चित्तौड़गढ़	1
		झुनझुनू	1
21	तमिलनाडु	तिरुपुर	1
22	उत्तराखंड	नैनीताल	1
23	उत्तर प्रदेश	झांसी	1
		मैनपुरी	1
		अमेठी	1
24	पश्चिम बंगाल	पुरुलिया	1
कुल			**33**

'सैनिक स्कूलों' के बारे में लोक सभा में दिनांक 17 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 2771 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध- ख

18 नए सैनिक स्कूलों का ब्यौरा (भागीदारी मोड में)

क्र.सं.	**राज्य/राज्य संघ राज्य क्षेत्र**	**जिला**	**नए सैनिक स्कूलों की संख्या**
1	आन्ध्र प्रदेश	एसपीएसआर नेल्लोर	1
2	अरुणाचल प्रदेश	तवांग	1
3	बिहार	समस्तीपुर	1
		पटना	1
4	गुजरात	जूनागढ़	1
		मेहसाना	1
5	हरियाणा	फतेहाबाद	1
		रोहतक	1
6	हिमाचल प्रदेश	सोलन	1
7	कर्नाटक	बेलगावी	1
		मैसूरू	1
8	केरल	कोझीकोड	1
9	मध्य प्रदेश	मंदसौर	1
10	महाराष्ट्र	अहमदनगर	1
		सांगली	1
11	पंजाब	पटियाला	1
12	तमिलनाडु	तूतीकोरिन	1
13	दादर एवं नगर हवेली	सिलवसा	1
कुल			**18**

******